nwda.gov.in

# 416 और इमारतों में होगा वर्षा जल संरक्षण

## दिल्ली नगर निगम स्कूलों से लेकर स्टाफ क्वार्टर और अस्पतालों में वर्षा जल एकत्र करने की कराएगा व्यवस्था

निहाल सिंह • नई दिल्ली

राजधानी का भूजल स्तर सुधारने और वर्षा जल संचयन करने के लिए दिल्ली नगर निगम 416 और इमारतों में वर्षा जल संरक्षण की व्यवस्था करेगा और 54 बंद पड़े वर्षा जल संरक्षण के स्थानों की मरम्मत करेगा। मानसून से पहले वर्षा जल संरक्षण को सुनिश्चित करने की दिशा में एमसीडी द्वारा कराए गए आंतरिक सर्वे में निगम ने इन 416 इमारतों के साथ आठ पार्क ऐसे मिले हैं, जहां पर वर्षा जल संरक्षण की व्यवस्था की जा सकती है। इसके लिए निगम ने 39 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा है, जिससे सभी की मरम्मत के साथ नए संचयन के स्थान बनाए जाएंगे।

नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त (इंजीनियरिंग) एनजीटी के आदेशों के तहत मानसून से पहले वर्षा जल संरक्षण को सुनिश्चत करने के लिए इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 9 मई से 19 मई तक विशेष सर्वे कराया गया था। सर्वे का उद्देश्य स्कूलों से लेकर, सामुदायिक केंद्रों, अस्पतालों, डिस्पेंसरियों, कर्मचारी आवास, पार्कों में बने वर्षा जल संचयन के इंतजामों को देखना था।

साथ ही नए स्थानों की पहचान भी करनी थी। उन्होंने बताया कि निगम ने 2139 साइटों का निरीक्षण इस दौरान किया था। इसमें 1287 साइटों पर वर्षा जल संचयन की व्यवस्था सुचारू रूप से मिली, तो वहीं 54 साइटें बंद पड़ी मिलीं, जो साइटें बंद मिलीं वह पुरानी होने से खराब थीं या फिर उनमें कूड़ा डाल दिया गया था, तो कहीं पर जाली आदि को हटा दिया था। इसको देखते हुए हमने तत्काल प्रभाव से इन वर्षा जल संचयन की साइटों को चालू करने के निर्देश दिए हैं। इनकी मरम्मत मानसून से पहले हो सके यह सुनिश्चित करने को कहा है। वहीं, इस दौरान हमें 424 नए स्थानों की पहचान की है। इसमें 416 इमारतों के साथ आठ पार्कों पर वर्षा जल संचयन के इंतजाम करने के लिए उपयुक्त पाया है, जबकि इस सर्वे में 374 साइटें ऐसी भी पता चलीं इनमें वर्षा जल संचयन की व्यवस्था हो ही नहीं सकती है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश हैं कि जो साइटें नई पहचान में आई हैं, उसमें फंड उपलब्ध होता है इनमें जल संचयन के इंतजाम कर सकें।



रोशनआरा बाग पार्क में जल संरक्षण साइट को ठीक करता निगमकर्मी • सौ. निगम

**जल जागरण**

**54** स्थानों पर वर्षा जल संरक्षण के संसाधन मिले बंद एमसीडी के आंतरिक सर्वे में

**9** मई से 19 मई तक दिल्ली नगर निगम के इंजीनियरिंग विभाग ने किया था विशेष सर्वे

**39** करोड़ का प्रस्ताव रखा निगम ने, पुरानों की होगी मरम्मत, नए स्थान बनाएंगे

**374** साइटें ऐसी पता चलीं, जल संचयन की नहीं हो सकती व्यवस्था

**8** नए पार्कों को जल संचयन के लिए पाया गया उपयुक्त एमसीडी के सर्वे में

**कितनी इमारतों में हैं वर्षा जल संचयन की व्यवस्था**

| इमारत | कुल इमारत | चालू स्थिति में साइट | बंद साइट | नई साइट | अन उपयुक्त साइट |
|---|---|---|---|---|---|
| स्कूल | 1,206 | 1,059 | 29 | 19 | 99 |
| सामुदायिक केंद्र | 257 | 61 | 11 | 141 | 44 |
| अस्पताल | 20 | 14 | 1 | 4 | 1 |
| डिस्पेंसरी व हेल्थ सेंटर | 167 | 27 | 0 | 73 | 67 |
| मातृ एवं प्रसूति केंद्र | 80 | 22 | 6 | 31 | 21 |
| कर्मचारी आवास | 73 | 1 | 0 | 28 | 44 |
| निगम की अन्य इमारतें | 257 | 34 | 5 | 120 | 98 |
| पार्क | 42 | 32 | 2 | 8 | 0 |
| रोड | 37 | 37 | 0 | 0 | 0 |